# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

**19 जुलाई 2020**

# ग्राम स्वराज के अनुरूप हो गांवों का विकास : पांडेय

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुड़की।** उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत आईआईटी रुड़की में आदर्श ग्राम के लिए योजना विषय पर चार दिवसीय वेबिनार शुरू हुआ। इसमें महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के अनुरूप गांवों का विकास पर जोर दिया गया।

इस वेबिनार के आयोजक आईआईटी रुड़की के रीजनल को-ऑर्डिनेटर प्रो. आशीष पांडेय ने उक्त वेबिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के अनुरूप गांवों का समग्र विकास करके उन्हें न सिर्फ आदर्श व स्मार्ट गांव बनाया जा सकता है, बल्कि इससे आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को यथार्थ में परिवर्तित किया जा सकता है। आईआईटी रुड़की के उपनिदेशक प्रो. एम परिदा ने बताया कि उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा आईआईटी रुड़की के अंतर्गत दो गांवों बेलड़ी व छारबा के विकास के लिए स्थानिक प्लानिंग तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। जॉइंट मजिस्ट्रेट रुड़की नमामि बंसल ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ही युवा शहरों की तरफ पलायन को मजबूर होते हैं।



वेबिनार में विचार रखतीं जेएम और वैज्ञानिक।